# ग्लोबल रिवर सिटीज़ एलायंस: NMCG

## प्रिलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, रिवर-सिटीज़ एलायंस (RCA), **COP28**, मिसिसिपी रिवर सिटीज़ एंड टाउन्स इनिशिएटिव (MRCTI), नमामि गंगे, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (EPA), 1986

## मेन्स के लिये:

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, पर्यावरण प्रदूषण और गिरावट, विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिये सरकारी नीतियाँ एवं हस्तक्षेप तथा उनकी रूपरेखा और कार्यान्वयन से उत्पन्न होने वाले मुद्दे

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) ने **मिसिसिपी रिवर सिटीज़ एंड टाउन्स इनिशिएटिव (MRCTI)** के साथ सामान्य प्रयोजन के एक ज्ञापन (MoCP) पर हस्ताक्षर किये हैं।

- MRCTI संयुक्त राज्य अमेरिका में **मिसिसिपी नदी के किनारे स्थित 124 शहरों/कस्बों** का प्रतिनिधित्व करता है।
- NMCG ने रिवर सिटीज़ अलायंस (RCA) की ओर से MoCP पर हस्ताक्षर किये हैं। हस्ताक्षर समारोह COP28 के भाग के रूप में दुबई में हुआ।

## मिसिसिपी रिवर सिटीज़ एंड टाउन्स इनिशिएटिव (MRCTI) क्या है?

- **MRCTI** को **वर्ष 2012 में मिसिसिपी नदी के लिये** एक प्रभावशाली समाधान प्रदान करने के लिये **शुरू किया गया था**, जिससे वाशिंगटन, डीसी में प्रभावी नदी संरक्षण, इसकी बहाली तथा प्रबंधन की मांग में महत्त्वपूर्ण रूप से वृद्धि हुई है।
- यह नदी और मानव के अस्तित्व से संबंधित है, जिसमें नदी के जल की गुणवत्ता तथा आवास बहाली, बाढ़ एवं बाढ़ के मैदान के मुद्दे, नदी-तट केंद्रित मनोरंजक गतिविधियाँ, सतत् अर्थव्यवस्था और नदी संस्कृति व इतिहास का उत्सव शामिल है।

## रिवर सिटीज़ एलायंस (RCA) क्या है?

- **परिचय:**
  - RCA **जल शक्ति मंत्रालय (MoJS) एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA)** की एक संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य नदी-शहरों को जोड़ना तथा सतत् नदी केंद्रित विकास पर ध्यान आकृष्ट करना है।
  - यह एलायंस **तीन व्यापक विषयों**- नेटवर्किंग, क्षमता निर्माण तथा तकनीकी सहायता पर केंद्रित है।
  - **नवंबर 2021 में 30 सदस्य शहरों** से शुरू होकर यह गठबंधन पूरे भारत में 110 नदी शहरों और डेनमार्क के एक अंतर्राष्ट्रीय सदस्य शहर तक विस्तारित हो गया है।
- **उद्देश्य:**
  - RCA का इरादा शहरी नदी प्रबंधन, नई प्रथाओं और दृष्टिकोणों को सीखने तथा **भारतीय शहरों के लिये ज्ञान विनिमय (ऑनलाइन)** की सुविधा प्रदान करना है।
  - यह अंतर्राष्ट्रीय शहरों के लिये भारतीय शहरों के अनुभवों के बारे में जानने का भी अवसर होगा, जो उनके संदर्भों के लिये प्रासंगिक हो सकते हैं।

## राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) क्या है?

- **संदर्भ:**
  - 12 अगस्त, 2011 को NMCG को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।
  - इसने **राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (NGRBA)** की कार्यान्वयन शाखा के रूप में कार्य किया, जिसे **पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (EPA), 1986** के प्रावधानों के तहत गठित किया गया था।
    - NGRBA को वर्ष 2016 में भंग कर दिया गया और उसकी जगह **राष्ट्रीय गंगा नदी पुनर्जीवन संरक्षण तथा प्रबंधन परिषद** ने ले ली।
- **उद्देश्य:**
  - NMCG का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और गंगा नदी का पुनर्जीवन सुनिश्चित करना है।
    - **नमामि गंगे** गंगा की सफाई के लिये NMCG के प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक है।
  - जल की गुणवत्ता और पर्यावरणीय रूप से **सतत् विकास** सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, व्यापक योजना और प्रबंधन तथा नदी में न्यूनतम पारिस्थितिक प्रवाह को बनाए रखने के लिये अंतर-क्षेत्रीय समन्वय को बढ़ावा देकर इसे प्राप्त किया जा सकता है।
- **संगठन संरचना:**
  - अधिनियम में गंगा नदी में पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और कमी के उपाय करने के लिये राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर पाँच स्तरीय संरचना की परिकल्पना की गई है:
    - भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गंगा परिषद।
    - केंद्रीय जल शक्ति मंत्री (जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग) की अध्यक्षता में गंगा नदी पर सशक्त कार्य बल (ETF)।
    - स्वच्छ गंगा के लिये राष्ट्रीय मिशन (NMCG)।
    - राज्य गंगा समितियाँ।
    - राज्यों में गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों से सटे प्रत्येक निर्दिष्ट ज़िले में ज़िला गंगा समितियाँ।

## भारत में नदी पुनर्जीवन के लिये अन्य पहल क्या हैं?

- **गंगा एक्शन प्लान:** यह पहला नदी एक्शन प्लान था जिसे वर्ष 1985 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा घरेलू सीवेज के अवरोधन, डायवर्ज़न और उपचार द्वारा पानी की गुणवत्ता में सुधार करने के लिये शुरू किया गया था।
  - राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना **गंगा कार्य योजना** का विस्तार है। इसका उद्देश्य गंगा एक्शन प्लान चरण 2 के तहत गंगा नदी को साफ करना है।
- **राष्ट्रीय जल मिशन (2010)**: यह एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन करता है जिससे जल संरक्षण, जल की न्यूनतम बर्बादी और बेहतर नीतियाँ बनाकर समान जल-वितरण सुनिश्चित होता है।
- **स्वच्छ गंगा कोष:** वर्ष 2014 में इसका गठन गंगा को साफ करने, अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने और नदी की जैवविविधता के संरक्षण के लिये किया गया था।
- **भुवन-गंगा वेब एप:** यह गंगा नदी में होने वाले प्रदूषण की निगरानी हेतु जनता की भागीदारी सुनिश्चित करता है।
- **अपशिष्ट निपटान पर प्रतिबंध:** वर्ष 2017 में **नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल** ने गंगा में किसी भी अपशिष्ट के निपटान पर प्रतिबंध लगा दिया।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2014)**

1. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन स्थापित है।
2. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एक सांविधिक निकाय है।
3. राष्ट्रीय गंगा नदी द्रोणी प्राधिकरण की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

---

### ?????:

**प्रश्न. नमामि गंगे और स्वच्छ गंगा का राष्ट्रीय मिशन (NMCG) कार्यक्रमों पर और इससे पूर्व की योजनाओं के मिश्रित परिणामों के कारणों पर चर्चा कीजिये। गंगा नदी के परिरक्षण में कौन-सी प्रमात्रा छलांगें, क्रमिक योगदानों की अपेक्षा ज़्यादा सहायक हो सकती हैं? (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-mission-for-clean-ganga-3